# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in

पत्रांक: BRLPS-LSBA/Proj/78/18/255 दिनांक- 04.07.18

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक
पटना ।

सेवा में,

उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष
जिला जल एवं स्वच्छता समिति,
सभी जिला, बिहार ।

विषय: लोहिया स्वच्छता योजना से संबंधित वित्तीय प्रबंधन दिशा-निर्देश के संबंध में ।

महाशय,

उपरोक्त विषय में सूचित करना है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत राज्य के ग्रामीणों क्षेत्रों को खुले में शौच से मुक्त बनाने का लक्ष्य है जिसे स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना से पूरा किया जाना है । लोहिया स्वच्छता योजना राज्य द्वारा सहायता प्रदत योजना है जिसके तहत शौचालय निर्माण के सन्दर्भ में सम्पूर्ण आच्छादन हेतु वैसे अन्य चिन्हित श्रेणी के APL परिवारों, जो स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के अंतर्गत सम्मिलित नहीं हैं, के लिए व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय (I.H.H.L) का निर्माण कराये जाने के उपरांत प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाना है । उपरोक्त कार्य हेतु लोहिया स्वच्छता योजना अंतर्गत निम्न प्रावधान दिए गये हैं :-

1. स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) अंतर्गत चिन्हित श्रेणी के APL परिवारों को छोड़कर शेष APL परिवारों को नियमानुसार प्रोत्साहन राशि बारह हजार (12000/) रुपया का भुगतान करने का प्रावधान लोहिया स्वच्छता योजना से है ।
2. प्रखंड स्तर पर कार्यरत प्रखंड समन्वयक का वेतन अधिकतम 10,000 रुपया तक लोहिया स्वच्छता योजना मद से एवं शेष 15,000 रुपया स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) मद से किया जाएगा।
3. प्रत्येक जिला के एक कंप्यूटर ऑपरेटर का भुगतान अधिकतम 10,000 रुपया तक लोहिया स्वच्छता योजना मद से एवं शेष 1,340 रुपया का भुगतान स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) के मद से किया जाएगा ।

4. उपरोक्त के अतिरिक्त वर्तमान में लोहिया स्वच्छता योजना मद से अन्य कार्यों में भुगतान नहीं किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि अपने स्तर से सभी संबंधित प्रखंड के प्रखंड स्तरीय कर्मी एवं जिला स्तर पर जिला स्तरीय कर्मी या पदाधिकारियों को निदेशित कर, लोहिया स्वच्छता योजना के वित्तीय प्रबंधन का अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

विश्वासभाजन

4/7/18

(राजीव कुमार सिंह)

प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक

ज्ञापांक: BRLPS-LSBA/Proj/78/18/255 दिनांक: 04.07.18

प्रतिलिपि: सभी जिला समन्वयक/सभी जिला स्वच्छ भारत प्रेरक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी निदेशक-सह-सदस्य सचिव, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला जल एवं स्वच्छता समिति समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सभी जिला पदाधिकारी-सह-उपाध्यक्ष,जिला जल एवं स्वच्छता समिति समिति को सूचनार्थ प्रेषित।

4/7/18

(राजीव कुमार सिंह)

ज्ञापांक: BRLPS-LSBA/Proj/78/18/255 दिनांक: 04.07.18

प्रतिलिपि: सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

3/7/18

(राजीव कुमार सिंह)